# जिलाधिकारी ने हुसैनाबाद स्थित ऐतिहासिक इमारतों का किया निरीक्षण

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। जिलाधिकारी एवं अध्यक्ष हुसैनाबाद ट्रस्ट विशाख जी0 द्वारा हुसैनाबाद स्थित पिक्चर गैलेरी, सतखंडा तथा बड़े इमामबाड़े का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को संरचनात्मक सुधार, सौंदर्यीकरण एवं जनता की सुविधा से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। निरीक्षण की शुरूआत पिक्चर गैलेरी से की गई। इस दौरान एएसआई (अरक) अधिकारियों ने बताया कि छत की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मरम्मत कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त इलेक्ट्रिकल वायरिंग एवं पुराने झूमरों को बदलने, तथा ड्रिंकिंग वाटर प्वाइंट को परिसर के बाहर स्थापित कर साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रथम चरण में छत की मरम्मत एवं गैलेरी के आंतरिक साज-सज्जा का कार्य पूरा किया जाए। गैलेरी परिसर स्थित ट्रस्ट कार्यालय का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने खिड़कियों की मरम्मत और निष्प्रयोज्य सामग्रियों की नियमानुसार नीलामी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गैलेरी के सामने स्थित पार्क का भी निरीक्षण कर साफ-सफाई, घास कटाई एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सतखंडा का



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परिसर की बाउंड्री न होने के कारण शाम के समय अव्यवस्थित ढंग से वाहन पार्क कर दिए जाते हैं। इस पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी को निर्देशित किया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण से समन्वय कर छोटी बाउंड्रीवाल अथवा बोलार्ड लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सतखंडा भवन के सभी तलों का निरीक्षण करते हुए कहा कि पूरे परिसर की रंगाई-पुताई, साफ-सफाई व मरम्मत का कार्य पूरा कर इसे शीघ्र जनता के लिए खोला जाए, साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से प्रत्येक तल पर गार्डों की तैनाती की जाए। अंत में जिलाधिकारी द्वारा बड़े इमामबाड़े का भी भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टिकटिंग प्रक्रिया और दैनिक फूटफाल की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि हुसैनाबाद ट्रस्ट की सभी ऐतिहासिक इमारतों में टिकटिंग हेतु क्यूआर कोड आधारित व्यवस्था की जाए। साथ ही ट्रस्ट की मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट विकसित कर सभी इमारतों की जानकारी और ऑनलाइन टिकट बुकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

## यूपीएसटीएफ को मिली बड़ी सफलता: भाड़े पर हत्या करने वाले हत्यारे गैंग के 3 अपराधी गिरफ्तार

अपराध ब्यूरो




लखनऊ। एसटीएफ द्वारा पकड़े गए अभियुक्त अजय यादव उर्फ प्रिंस- कृष्ण रावत- रामकेश लोधी के पास से 2,पिस्टल मय मैगजीन 7.65 टास्क फास,1 तमंचा 315 बोर, 8 अदद कारतूस 7.65 ेन, हुवा बरामद रꣳ ने अभियुक्तों को अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करते समय सफेदाबाद क्रासिंग के आगे प्राथमिक विद्यालय धमसारी के पास कोतवाली नगर जनपद-बाराबंकी से किया गिरफ्तार। गिरफ्तार कृष्णा रावत व रामकेश लोधी जनपद लखनऊ के कुख्यात व पंजीकृत हत्यारा गैंग डी 34/24 शुभम रावत उर्फ मोनू गैंग के सदस्य है व जनपद लखनऊ के घोषित जिला बदर अपराधी है। जिनके विरुद्ध लखनऊ में निम्न अभियोग पूर्व से पंजीकृत है।

### भ्रष्टाचार का बड़ा खेल!

# रानीगंज के व्यापारी से जेई ने 60 हजार मांगे, 40 हजार लेकर किया समझौता

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। राजधानी में बिजली विभाग के भ्रष्टाचार का एक और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रानीगंज के एक परचून व्यापारी ने आरोप लगाया है कि राजेंद्र नगर पावर हाउस के जेई (जूनियर इंजीनियर) ने बिजली चोरी का आरोप लगाकर उस पर 60 हजार रुपये की रिश्वत मांगी और 40 हजार रुपये लेकर मामला रफा-दफा कर दिया। व्यापारी (आशीष राठौर) के अनुसार, राजेंद्र नगर के जेई राज नारायण वर्मा अपनी टीम के साथ अचानक उसकी दुकान पर पहुंचे और ऊपर खुले में लटक रहे तार को देखकर बोले कि ये चोरी का कनेक्शन है ॠ इसके बाद बिना किसी लिखित नोटिस या चालान के जेई ने खंभे पर सीढ़ी लगवाकर दुकान की बिजली कटवा दी। व्यापारी ने बताया कि न तो मीटर उतारा गया, न चालान बुक में कोई एंट्री की गई। इसी दौरान जेई ने कथित रूप से सौदेबाजी



शुरू की। व्यापारी के अनुसार, पहले 60,000 की मांग की गई, लेकिन बाद में ?40,000 लेकर मामला निपटा लिया गया। पीड़ित व्यापारी ने कहा – हमसे बिना जांच, बिना चालान और बिना रसीद के पैसा लिया गया। अब हमारी दुकान पर बिजली भी नहीं है और पैसा भी चला गया। व्यापारी का कहना है कि यदि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो, तो राजेंद्र नगर पावर हाउस में फैले भ्रष्टाचार की पूरी सच्चाई सामने आ जाएगी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब वहां के जेई पर इस तरह के आरोप लगे हों। इससे पहले भी कई बार इसी तरह की वसूली की शिकायतें हो चुकी हैं, लेकिन विभाग के उच्च अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि राजेंद्र नगर पावर हाउस के कुछ अधिकारी ॡबिजली चोरी पकड़ने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलते हैं, और कई बार बिना किसी जांच के दुकानों की बिजली काट दी जाती है। पीड़ित व्यापारी ने अपना मोबाइल नंबर भी जांच एजेंसियों को देने की बात कही है, ताकि यदि विभाग चाहे तो पूरे प्रकरण की जांच की जा सके।

### नगर निगम

# अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव को मिली अहम विभागों की जिम्मेदारी

## नगर आयुक्त गौरव कुमार ने प्रचार,संपत्ति विधि समेत कई विभागों को लेकर दिए निर्देश,अपर नगर आयुक्त ने कहा, आम जनता की समस्याओं का होगा तत्काल निराकरण

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा नगर निगम में शासन द्वारा दोबारा तैनाती पाई पीसीएस अफसर पंकज श्रीवास्तव को नए सिरे से कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं। नगर आयुक्त के दिए गए आदेशों के तहत अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव पूर्व में जिस तरह से सरकारी जमीन व तालाबों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला कर कड़ी कार्रवाई की थी और लाखों से करोड़ों अरबो रुपए की जमीन उनके द्वारा उनके पूर्व कार्यकाल के दौरान नगर निगम की भूमाफिया व अवैध कब्जेदारों से मुक्त कराई गई थी। प्रचार,पार्किंग आदि कई विभागों में काफी मेहनत व परिश्रम से नगर निगम की आय बढ़ाने के लिए उन्होंने काफी कोशिश की थी और नगर निगम में उनके कार्यशैली को लेकर काफी राजस्व लाभ का हुआ था इसी के तहत अब दोबारा नगर आयुक्त ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में संपत्ति विभाग ,प्रचार विभाग, पार्किंग विभाग तथा मुख्यमंत्री व अन्य विभागों के पोर्टल से आने वाली जन शिकायतों का निस्तारण संबंधित कार्यों के साथ-साथ जोन 5 की साफ सफाई अभियंत्रण,अतिक्रमण आदि के भी कार्यभार की जिम्मेदारी दी है इसके साथ-साथ ग्रहकर की वसूली में निर्धारित लक्ष्य या वसूली करने की जिम्मेदारी जोनल अधिकारी व उनके



माताहतों है इससे संबंधित समय-समय पर पर्यवेक्षक का कार्य दिया गया इसके साथ-साथ विधि विभाग का भी कार्यभार वह देखेंगे।

अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि शासन के द्वारा आम जनता के लिए चलाई जा रही योजनाओं में अच्छी सड़क, पेयजल, मार्ग प्रकाश व्यवस्था के साथ-साथ ग्रहकर की वसूली अदि से संबंधित जो भी नगर आयुक्त द्वारा उन्हें कार्य सौंपा गया है वह उसे नगर आयुक्त की नजरों में खरा उतरने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इसके साथ-साथ जनमानस से जुड़ी हुई शिकायत तो के निस्तारण के लिए वह हर दिन अपने कार्यालय में बैठकर निर्धारित समय में सुनवाई करेंगे उनका मानना है कि नगर निगम जनमानस से जुड़ा हुआ विभाग है और आम जनता को आशा अपेक्षा रहती है कि उनकी छोटी सी छोटी समस्या चाहे साफ सफाई हो अथवा पेयजल सड़क नाली खरंजा आदि पर निर्धारित समय में कार्रवाई कर दी जाए इसके लिए वह हर दिन अपनी टीम के साथ परिणाम परत करने पर जोर देंगे उन्होंने बताया जोन 5 से संबंधित अतिक्रमण आदि की यदि समस्या आती है जिसमे अक्सर फुटपाथों पर नाजायज रूप से कब्जा कर लिया जाता है और उस पर ठेला खुंम्मचा लगाए जाते हैं ऐसी स्थिति में वेंडिंग जोन में ही इस तरह की दुकान लगा सकेंगे अथवा यदि कोई इस तरह से नाजाए फुटपाथ पर कब्जा करके अवैध रूप से दुकान लगाता पाया जाएगा तो उसके खिलाफ स्थानीय पुलिसके सहयोग लेकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी भूमि की एनओसी लेने के लिए जिसमें विकास प्राधिकरण को नक्शा पास करने में दिया जाता है उसमें गहन परीक्षण करने के बाद ही एनओसी जारी की जाएगी।



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का स्वागत करते उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना एवं राज्य के कृषि और अयोध्या के प्रभारी मंत्री सुरेश प्रताप शाही।



पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिणी निपुण अग्रवाल के निर्देशन में अपर पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिणी रल्लापल्ली वसंथ कुमार द्वारा सर्किल कृष्णानगर के समस्त थानों का अर्दली रुम कर, 06 माह व 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर उनके निस्तारण हेतु दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश।

# अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड क्वान्टा-2025 का उद्घाटन

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चैक कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड ह्यक्वान्टा-2025ह्न का भव्य उद्घाटन आज



सायं मुख्य अतिथि आसिफ सिद्दीकी, ग्रुप डायरेक्टर, इसरो टेलीमेट्री, ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क, लखनऊ, ने सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में दीप प्रज्वलित कर किया। इस भव्य समारोह में ब्राजील, जर्मनी, रूस, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से पधारे लगभग 500 प्रतिभागी छात्रों व विशेषज्ञों ने अपनी उपस्थिति से एकता व भाईचारे से ओत-प्रोत लघु विश्व का अनूठा दृश्य प्रस्तुत किया। समारोह में सी.एम.एस. छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विदित हो कि 26वें अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान ओलम्पियाड ह्यक्वान्टा-2025ह्न का आयोजन 8 से 11 अक्टूबर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है।

# सैन्यक एन्क्लेव के आसपास सड़क की दुर्दशा से नागरिक परेशान

चेतना समाचार सेवा

लखनऊ। सैन्यक एन्क्लेव, सीआरपीएफ गेट नं. 2, बिजनौर, के आसपास रहने वाले दुरूदशा और इनकी सुनवाई करने के लिए कोई नही आता है बडे बडे दावे खोखले साबित हो रहे है उन्होने अपने दर्द में लिखा है कि लगभग



100 से अधिक परिवार निवास करते हैं। वर्तमान में हमारी कॉलोनी की मुख्य सड़क अत्यंत खराब स्थिति में है। सड़क पर गड्ढे होने के कारण वाहनों का आवागमन कठिन हो गया है, और बरसात के समय जगह-जगह पानी भर जाने से यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। इस कारण क्षेत्र के निवासियों, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार वाहनों के फिसलने व दुर्घटना जैसी स्थिति भी बन जाती है।

### हुसैनगंज पुलिस की दोहरी सफलता

## प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में अपराध और अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान जारी

अपराध बयूरो

लखनऊ। थाना हुसैनगंज की पुलिस ने लगातार कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग



मामलों में बड़ी सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह के नेतृत्व में चल रहे अभियान के तहत पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी जालसाज अल्ताफ अहमद और एक गांजा तस्कर गोलू उर्फ. पिच्चा सोनकर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने गोलू सोनकर के कब्जे से एक किलो से अधिक अवैध गांजा भी बरामद किया। दोनों आरोपियों को विधिक कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया गया है। हुसैनगंज प्रभारी निरीक्षक शिवमंगल सिंह का कहना है कि अपराधियों और समाज में अवैध गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## थाना कैसरबाग की मिशन शक्ति पुलिस टीम ने जागरूकता अभियान चलाया

अपराध ब्यूरो

लखनऊ। थाना कैसरबाग जनपद लखनऊ में ब्वॉयज एंग्लो स्कूल में मिशन शक्ति



फेस 5 के तहत विशिष्ट बीट त्रैमासिक अभियान के तहत , मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं बच्चों को मिशन शक्ति, विभिन्न हेल्पलाइन नंबर व साइबर अपराध, पिंक बूथ महिला, हेल्प डेस्क आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जागरूक किया गया। छात्राओं को महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर साझा किए गए। संकट की घड़ी में 1090, 1098, 1076, 1930, 101, 112 एवं 108 जैसे नंबरों पर तत्काल संपर्क करने या संदेश भेजकर भी सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी गई।

# 11 परियोजनाओं के लिए पी0सी0यू0 मानक के शिथिलीकरण का प्रस्ताव स्वीकृत : मुख्य सचिव

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में विभिन्न निर्माण परियोजनाओं में उच्च विशिष्टियों/पी०सी०यू० शिथिलीकरण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्तुत 11 परियोजनाओं के लिए पीसीयू में शिथिलीकरण के प्रस्ताव को मुख्य सचिव ने स्वीकृति प्रदान की। यह प्रदेश के बुनियादी ढांचे को और सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में सड़क नेटवर्क, औद्योगिक विकास और ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आर्थिक प्रगति को गति मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार जनपद सिद्धार्थनगर में 2804.01 लाख रुपये की लागत से एनएच-730 के किमी 408 से घनौरा मुस्तहकम एसएसबी कैंप होते हुए अंतर्राष्ट्रीय सीमा तक मार्ग का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद मऊ में 99.54 लाख रुपये लागत से अजमतगढ़-अमिला मार्ग के किमी 12 से करमपुर तक मार्ग निर्माण, जनपद बरेली में 321.85 लाख रुपये से फरीदपुर-बीसलपुर मार्ग के किमी 10 से ग्राम सिमरा केशवपुर में सीबीजी प्लांट हेतु पहुंच



मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 555.79 लाख रुपये एनएच-24 से कुतुवापुर कैनाल ब्रिज मार्ग के किमी 2 से सीबीजी प्लांट होते हुए डीसीएम श्रीराम शुगर मिल तक मार्ग निर्माण किया जाएगा। काशीखेड़ा तक किमी 1 से 7 व 8 (400) का निर्माण, जनपद ललितपुर में 729.87 लाख रुपये से नीलकंठेश्वर मार्ग अ0जि0मा0 के चै. 0.000 से 2.200 में दो लेन मार्ग निर्माण, जनपद लखीमपुर खीरी में 2651.89 लाख रुपये से पलिया हवाई पट्टी मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी 1 से किमी 4 (035) में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, जनपद झांसी में 5260.68 लाख रुपये से मोंठ-भांडेर (अ0जि0मा0) मार्ग किमी 4 से भरोसा-छपार-पुलगहना-शाहजहांपुर-खजूरी मध्य प्रदेश की सीमा तक दो लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा जनपद कुशीनगर में 3597.95 लाख रुपये कुल लागत से नेबुआ खड्डा मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# स्वदेशी मेले से गाँवों में बढ़ेगी खुशहाली, प्रत्येक कारीगर को मिलेगा मंचः राकेश सचान

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को लोक भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 की ऐतिहासिक सफलता को देखते हुए अब प्रदेश सरकार 9 से 18 अक्तूबर 2025 तक प्रदेश के सभी 75 जनपदों में ह्लस्वदेशी मेलोंह्व का आयोजन करने जा रही है। यह आयोजन आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक बड़ा कदम सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में 25 से 29 सितम्बर तक ग्रेटर नोएडा एक्सपो मार्ट में हुए यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के तृतीय संस्करण में ब्रांड उत्तर प्रदेश को अभूतपूर्व सफलता मिली। इस आयोजन में प्रदेश की शक्ति, समृद्ध परंपरा और उत्पादन क्षमता को दुनिया के सामने रखा गया। 2200 से अधिक स्टॉलों में सरकारी विभागों, उद्यमियों, हस्तशिल्पियों, निर्यातकों और कारीगरों ने अपने अभिनव उत्पादों और योजनाओं को प्रस्तुत किया। इस दौरान 80 से अधिक देशों से 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने उत्तर प्रदेश के उद्योगों में रुचि दिखाई। लगभग पाँच लाख से अधिक आगंतुकों ने मेले का भ्रमण किया और लगभग 11,200 करोड़ रुपये की व्यावसायिक पूछताछ प्राप्त हुई, जो प्रदेश की औद्योगिक संभावनाओं का प्रमाण है। श्री सचान



ने कहा कि उत्तर प्रदेश ट्रेड शो की इस सफलता ने पूरे प्रदेश के उद्योग जगत में नई ऊर्जा का संचार किया है। इसी को जन-जन तक पहुँचाने तथा वस्तु एवं सेवा कर (ꣻꣲ) सुधारों के बाद स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रदेशव्यापी ह्लस्वदेशी मेलाह्व आयोजित किया जा रहा है। इन मेलों में स्थानीय कारीगरों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों, हस्तशिल्पियों और ग्रामीण उद्योगों को अपनी कला और उत्पाद प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के 75ों जिलों में सजने वाले ये मेले दिवाली के पूर्व ह्लवोकल फॉर लोकलह्व अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि इस बार पहली बार ऐसा आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्थानीय उत्पादों और शिल्पकला को जनपद स्तर पर प्रमोशन का मौका मिलेगा। एमएसएमई विभाग ने इसके लिए सभी जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल व्यापारिक मेला नहीं बल्कि एक उत्सव है, जिसमें शासन, प्रशासन, उद्यमी, कारीगर और आम जनता एक साथ अपनी भूमिका निभा रहे हैं। यह उत्सव आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और विकसित भारत की दिशा में एक और मजबूत कदम है। अंत में मंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि इस दिवाली वे अपने घरों के दीपक, सजावट सामग्री, परिधान और उपहार स्वदेशी उत्पादों से ही लें ताकि हमारे गांवों के कारीगरों, मिट्टी कला कलाकारों, बुनकरों और युवाओं के चेहरों पर भी खुशियों की रोशनी जगमगाए। उन्होंने कहा कि यही सच्चे अर्थों में प्रधानमंत्री जी की ह्लमेक इन इंडियाह्व और मुख्यमंत्री जी की ह्लवोकल फॉर लोकलह्व की भावना को साकार करने का मार्ग है, जिससे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी बल्कि आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना भी साकार रूप लेगी।

# प्रशिक्षणार्थियों को भारत पशुधन ऐप पर अंकन सम्बन्धी कार्य पर विशेष ध्यान दे : धर्मपाल सिंह

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह की अध्यक्षता में आज यहां उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद और पशुपालन विभाग द्वारा नेशनल डिजिटल लाइव स्टॉक मिशन अन्तर्गत विकसित किए गए भारत पशुधन ऐप के समुचित उपयोग विषयक एक दिवसीय व्यवहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब, लखनऊ में किया गया। इस अवसर पर पशुधन मंत्री श्री सिंह ने कहा कि भारत पशुधन ऐप पर पशु एवं पशुपालक पंजीकरण के साथ ही पशुओं के समस्त प्रजनन एवं स्वास्थ्य आकड़ों का डिजिटल अभिलेखन किया जा रहा है, जिनके ए0आई0 एवं मशीन लर्निंग के उपयोग द्वारा अध्ययन/विश्लेषण से समुचित योजना निर्माण/निर्धारण में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐप के माध्यम से पशुओं का चिन्हांकन भी होगा, जिससे उच्च क्षमता युक्त जर्म प्लाज्म वाले पशुओं की उपलब्धता के सम्बन्ध में जानकारी मिल सकेगी। साथ ही पशु रोग, टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान आदि महत्वपूर्ण गतिविधियों के सम्बन्ध में रियल टाइम आंकड़ें भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को भारत पशुधन ऐप पर अंकन सम्बन्धी महत्तवपूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु आह्वान किया। विभाग के निदेशक, प्रशासन एवं विकास, डॉ0 योगेन्द्र सिंह पवार तथा मुख्य कार्यकारी, उ0प्र0 पशुधन विकास परिषद डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित



समस्त प्रतिभागियों से भारत पशुधन ऐप पर सूचनाएं समयबद्ध रूप से अंकित करने की अपेक्षा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त जनपदों से नामित नोडल अधिकारियों, कम्प्यूटर ऑपरेटर्स, पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मिल्क प्रोडयूसर कम्पनियों, एन.जी.ओ. आदि के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. NER-LJN-2025-163**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् हैः– **ई–निविदा सं.: NER-LJN-2025-163; कार्य का नाम:** लखनऊ मंडल के बुढ़वल, टप्पाखजुरिया, सुढ़ियामऊ, बढ़नी, नौतनवा स्टेशनों पर शंटिंग कार्य और चालक दल/शंटिंग कर्मचारियों के आवागमन के लिए मार्ग का प्रावधान एवं गोरखपुर, गोरखपुर कैंट, बसती, नकहाजंगल, गोण्डा, लखनऊ जं., बुढवल, गोमती नगर, सीतापुर, बलरामपुर, मैलानी, सुभागपुर स्टेशनों पर मार्ग एवं पोर्टा केबिन का प्रावधान; **अनुमानित लागत (₹):** ₹3,29,49,617.81; **अग्रिम धन (₹):** ₹3,14,800/-; **समापन अवधि:** 12 माह;
**1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2025-163** के लिए ई–निविदा दिनांक 30.10.2025 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी।
**2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मण्डल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू–285** **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

Godrej Finance Limited
Godrej | FINANCE
A Godrej Capital Company

**सार्वजनिक सूचना**

**मास्टर निर्देश - भारतीय रिजर्व बैंक (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - स्केल आधारित विनियमन) निर्देश, 2023 के अनुच्छेद 43 के अनुसार 'गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड' द्वारा सार्वजनिक सूचना**

**गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड** ("कंपनी" या "जीएफएल") कंपनी अधिनियम, 1956 (कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U67120MH1992PLC065457) के तहत निगमित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और भारतीय रिजर्व बैंक (सीओआर संख्या: 13.00368) के साथ एक नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी ("एनबीएफसी") के रूप में पंजीकृत है। जीएफएल का पंजीकृत कार्यालय गोदरेज वन, पिरोजशानगर, ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, विक्रोली (पूर्व), मुंबई - 400079, महाराष्ट्र में स्थित है।

इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी परिचालन कारणों से, इस सूचना की तिथि से 3 महीने की अवधि के लिए, कार्यालय संख्या 508 एवं 509, पांचवीं मंजिल, शालीमार टाइटेनियम कॉर्पोरेट पार्क, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010, उत्तर प्रदेश स्थित अपने शाखा कार्यालय को अर्बनैक बिजनेस पार्क, यूनिट संख्या 607, छठी मंजिल, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ - 226010, उत्तर प्रदेश में स्थानांतरित करेगी।

ग्राहकों अपने सभी प्रश्न customercare@godrejcapital.com पर पूछ सकते हैं।

इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण या पूछताछ, इस सूचना की तिथि से 30 (तीस) दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में श्री योगेश जैन, मुख्य अनुपालन अधिकारी को या gfl.compliance@godrejfinance.com पर भेजी जा सकती है।

Sd/-
गोदरेज फाइनेंस लिमिटेड की ओर से

स्थान: मुंबई
तारीख : 09.10.2025